Title: Need for Construction of more fly-overs on Railway Crossings in Kanpur, Uttar Pradesh.

श्री श्याम बिहारी मिश्र (बिल्हौर) : सभापति महोदय, उ0प्र0 में कानपुर महानगर की आबादी 40 लाख से अधिक है। शहर के बीच से जी0टी0 रोड गुजरती है जिसमें भारी वाहन लगभग 2000 प्रतिदिन अप डाउन में निकलते हैं। जी0टी0 रोड के समानांतर रेलवे की छैंटी लाइन है जिसमें कुल 15 क्रसिंग हैं। इन में पुल नहीं है जिससे यैंतायैंत की बड़ी असुविधा होती है। घंटों जाम लगा रहता है। मा0 रेल मंत्री से विशो आग्रह है कि जरीव वीव क्रासिंग, गुरुदेव पैलेस क्रासिंग तथा कल्याणपुर क्रासिंग पर 3 उपरगामी पुल बनाये जाने का आदेश प्रदान करें जिससे नागरिकों को सुविधा होगी।

कानपुर नगर में जी0टी0 रोड पर सी0ओ0डी0 के पास रेलवे क्रासिंग है जिससे हावड़ा-नई दिल्ली लाइन निकलती है। जी0टी0 रोड से लगभग 1500 ट्रक भी प्रतिदिन निकलते हैं। अत : इस पर भी पुल निर्माण कराने की आवश्यकता है। इसे वरीयता के साथ कार्य करने का आग्रह है।